प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 07.11.2025 समय : 09.00 ए.एम.

00000

- राष्ट्रीय गीत **वंदे मातरम** के डेढ़ सौ साल पूरे होने पर नई दिल्ली में आज स्मरणोत्सव का आयोजन–राज्यस्तरीय कार्यक्रम जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज उदयपुर और गुजरात दौरे का कार्यक्रम।
- राज्य में मतदाता सूची के एसआईआर कार्यक्रम में करीब 52 हजार से अधिक बीएलओ के साथ एक लाख से ज्यादा बूथ स्तरीय एजेन्टों की भागीदारी।
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त–उत्तरी हवाओं के असर से तापमान मे 2 से 7 डिग्री तक की गिरावट दर्ज।

00000

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के आज डेढ सौ साल पूरे हो रहे है। इस उपलक्ष्य में नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में स्मरणोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक साल तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे स्मारक डाक टिकिट और सिक्का भी जारी करेंगे। इस अवसर पर वंदे मातरम के इतिहास पर विशेष प्रदर्शनी लगाई गई है और भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पिछले दिनों आकाशवाणी के मासिक कार्यक्रम मन की बात में कहा था कि इस कालजयी रचना ने देश के स्वतंत्रता आदोलन को प्रेरित किया और राष्ट्रीय गौरव और एकता को बनाये रखा।

.....

वंदे मातरम के डेढ सौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में राजधानी जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में राज्यस्तरीय कार्यक्रम रखा गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समारोह स्थल पर मौजूद है। वहीं बड़ी संख्या में स्काउट गाईड, शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थी, आरएएसी जवान और आम नागरिक इसमें हिस्सा ले रहे है। समारोह में 50 हजार से अधिक लोग सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन करेंगे। प्रदेशभर में इस आयोजन को व्यापक स्तर पर मनाया जा रहा है। अजमेर, करौली, सवाईमाधोपुर सहित अन्य जिलों में भी आज से 26 नवंबर संविधान दिवस तक वंदे मातरम और स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम होंगे।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज उदयपुर और गुजरात दौरे का कार्यक्रम है। श्री शर्मा उदयपुर में बिरसा मुंडा की डेढ़ सौ वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे जनजातीय गौरव पखवाडे के तहत आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही बिरसा मुंडा की डेढ सौ वीं जयंती पर आयोजित होने वाले विशेष समारोह की तैयारियों को लेकर भी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेंगे। इसके बाद श्री शर्मा गुजरात के केवडिया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी स्थल पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे।

00000

बारां जिले के अंता विधानसभा क्षेत्र में 11 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए सभी प्रत्याशी मतदाताओं से समर्थन मांग रहे है। सभाओं, रोड शो और जनसंपर्क के माध्यम से मतदाताओं को अपने पक्ष में करने का प्रयास कर रहे है। इसी कडी में कल मुख्यमंत्री श्री शर्मा और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कल अंता क्षेत्र के मांगरोल में रोड़ शो किया। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन को विजयी बनाने की अपील की। उधर कांग्रेस नेता भी पार्टी उम्मीदवार प्रमोद जैन भाया के समर्थन में वोट मांग रहे है। निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा के मैदान में होने से इस सीट पर स्थिति त्रिकोणीय बनी हुई है।

00000

राजधानी जयपुर में अब 1 नगर निगम संचालित होगा। जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हैरिटेज का कार्यकाल 9 नवम्बर को पूरा हो जायेगा। इसके बाद एक ही निगम काम करेगा। नये निगम के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने की तैयारियां की जा रही है। इसके लिए संभागीय आयुक्त को प्रशासक लगाया गया है। इन निगमो के लिए 118 नये पद भी स्वीकृत किये गये है।

00000

राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिलाओं के खिलाफ होने वाले साईबर अपराधों की रोकथाम के लिए देशभर में परामर्श सत्र आयोजित किये है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में महिला आयोग की अध्यक्ष ने बताया कि साईबर बुलिइंग की रोकथाम को लेकर मिले सुझावों की रिपोर्ट सरकार को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को साईबर सुरक्षा को लेकर सजग रहना आवश्यक है।

.....

उधर महिला सशक्तिकरण के लिए सक्षम जयपुर अभियान के तहत कल चौमूं के हाडोता में नारी चौपाल लगाई गई। जिला कलेक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं की सफलता की कहानियां साझा की गई और महिला सशक्तिकरण की प्रेरणा दी गई।

00000

राज्य में मतदाता सूची एसआईआर कार्यक्रम के तहत पिछले तीन दिनों में 70 लाख 50 हजार से ज्यादा गणना फॉर्म वितरित किए जा चुके है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि प्रदेश में बारां जिले के अंता विधानसभा क्षेत्र को छोडकर सभी 199 विधानसभा क्षेत्रों में 52 हजार से अधिक बीएलओ गणना प्रपत्र भरवाने के काम में लगे है। उन्होंने बताया कि सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय राजनैतिक दलों ने एक लाख से ज्यादा बूथ स्तरीय एजेन्ट बीएलए भी नियुक्त कर लिये है। श्री महाजन ने बताया कि एसआईआर के दौरान एक लाख से ज्यादा स्वयं सेवक, मतदाताओं, बुजुर्गो, दिव्यांगों और अन्य कमजोर समूहों की सहायता कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र घर–घर जाकर बांटे जा रहे है। इस वितरण में प्रदेश में चित्तौडगढ, बाडमेर और अलवर जिले अब तक अग्रणी रहे है। बाडमेर जिले में व्यापक स्तर पर मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है।

.....

00000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होने से मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि उत्तरी हवाओं के असर से तापमान मे 2 से 7 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों में चार शहरों मे न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। साढे सात डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सीकर के फतेहपुर में रात सबसे सर्द रही। बीकानेर के लूणकरणर, नागौर और सिरोही में भी रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। नागौर से हमारे संवाददाता ने बताया कि सर्द हवाओं ने ठंड का एहसास बढा दिया है।

.....

राजधानी जयपुर में भी दिन और रात के पारे में गिरावट दर्ज की गई है। भरतपुर में आज हल्का कोहरा छाया हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने के आसार है। इस दौरान उत्तरी हवाओं के असर से न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सैल्सियस तक की गिरावट की संभावना है।

00000

बूंदी महोत्सव कल से आयोजित किया जायेगा। पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से हो रहे इस तीन दिवसीय आयोजन की शुरूआत गढ पैलेस से ध्यजा रोहण के जरिये होगी।

00000